## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 15.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन अग्रणी नौसैनिक युद्धपोत किया राष्ट्र को समर्पित, कहा– रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है भारत।**

2. **झारखंड हाईकोर्ट में पहली और दूसरी जेपीएससी परीक्षा की जांच के लिए दाखिल याचिका पर हुई सुनवाई, सीबीआई ने मांगा समय, पांच फरवरी को होगी अगली सुनवाई।**

3. **राज्य सरकार ने पश्चिमी सिंहभूम में रामतीर्थ धाम को राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की घोषणा की।**

4. **अफीम की खेती के खिलाफ राज्यभर में चलाया जा रहा है सख्त अभियान, खूंटी में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल।**
5. **रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली खेल की अंडर 14 वर्श आयुवर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीन पदक के साथ झारखंड आठवें स्थान पर रहा, तमिलनाडु की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन।।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तीन अग्रणी नौसैनिक युद्धपोत राष्ट्र को समर्पित किया। श्री मोदी ने मुंबई में नौसेना बेड़े में आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को शामिल किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये युद्धपोत भारतीय रक्षा बलों और आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट में आज पहली और दूसरी जेपीएससी समेत अन्य परीक्षाओं की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से ट्रायल कोर्ट में दाखिल चार्जशीट की कॉपी जमा करने के लिए समय देने की मांग की। अदालत ने मांग को स्वीकार करते हुए इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 5 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

*******************

राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने पश्चिमी सिंहभूम स्थित रामतीर्थ धाम को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की घोषणा की है। पश्चिमी सिंहभूम में झारखंड–ओडिसा सीमा पर अवस्थित पवित्र वैतरणी नदी तट पर मकर संक्रांति के मौके पर गंगा आरती में भाग लेते हुए श्री बिरुआ ने कहा कि आम लोगों से राय लेकर एक वर्ष के भीतर रामतीर्थ धाम को राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाया जायेगा।

*******************

पूर्वी रेलवे के मालदा रेल डिविजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता आज साहिबगंज जिले में चल रहे अमृत भारत स्टेशन के निर्माण कार्यों का जायजा लेंगे। रेल पीआरडी के अनुसार अब से थोड़ी देर बाद श्री गुप्ता साहिबगंज पहुंचेंगे। डीआरएम के कार्यक्रम को लेकर रेल प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गयी है।

*******************

विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी– एनएडी के तहत विद्यार्थियों के डेटा अपलोड करने में झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया है। डिजिटल दुनिया में यह कीर्तिमान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार तथा डिजिटल कोषांग के निदेशक डॉ इंद्रजीत कुमार के प्रयासों से संभव हुआ है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने एक लाख उनीस हजार छह सौ पचासी विद्यार्थियों के डेटा को अपलोड किया है। दूसरे स्थान पर धनबाद का विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय है, जिसने इक्कासी हजार एक सौ अठावन विद्यार्थियों के डेटा को सही–सही अपलोड किया है। यह कार्य नई शिक्षा नीति 2020 को धरातल पर लाने के उद्देश्य से किया गया है।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन कल झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। डा. मुरुगन कल दोपहर बाद रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे पश्चिमी सिंहभूम जिले के लिए रवाना हो जायेंगे। तीनों ही दिन वे आकांक्षी जिला पश्चिमी सिंहभूम में रहेंगे। पहले दिन वे जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दूसरे दिन यानी 17 जनवरी को वे जगन्नाथपुर आइटीआई और किरिबुरु सेल माइंस के अलावा कई अन्य स्थानों का दौरा करेंगे। आखिरी दिन वे विभागीय प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

*******************

रांची स्थित राजेंद्र आयुर्वेद विज्ञान संस्थान– रिम्स में एनुअल फेस्ट पलाश का आयोजन किया जा रहा है। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने किया। पलाश फेस्ट में कई इवेंट आयोजित किए गए। कार्यक्रम को लेकर रिम्स के स्टूडेंट में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भरोसा दिलाया कि वे रिम्स के डॉक्टर और यहां पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के साथ हैं।

*******************

अफीम की अवैध खेती के खिलाफ राज्यभर में सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में खूंटी जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में अभियान चलाकर अफीम की खेती करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर यह अभियान डीएसपी वरुण रजक के नेतृत्व में सायको, अड़की, मारंगहादा और मुरहू थाना क्षेत्रों में चलाया गया।

*******************

दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के धन्नकुंडा मोड़ के पास शराब की पेटी से भरी दो कार को पुलिस ने जब्त किया है। जरमुंडी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार कश्यप ने बताया

कि कार शराब लेकर देवघर की ओर से हंसडीहा के रास्ते बिहार जा रही थी। दोनों कारों से 62 पेटी शराब मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर दुमका जेल भेज दिया है।

********************

बोकारो जिले में जनता के साथ दूरी कम करने के लिए पुलिस की ओर से सामुदायिक पुलिसिंग के जरिये कई पहल की जा रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

********************

रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली खेल के अंडर 14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के आखिरी दिन झारखंड के खाते में तीन कांस्य पदक आये। बालिका वर्ग के लांग जंप में सोनी कुमारी और बालक वर्ग में साहिबगंज आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के संतोष मुर्मू ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा चार गुना सौ मीटर बालक वर्ग में भी झारखंड की झोली में कांस्य पदक आया। प्रतियोगिता में झारखंड की टीम आठवें स्थान पर रही जबकि तमिलनाडु की टीम ओवर ऑल चौंपियन रही। उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता बनी।

********************

रांची में खेले जा रहे महिला हॉकी इंडिया लीग में आज ओडिसा वरियर्स और सुरमा हॉकी क्लब के बीच मुकाबला शाम छह बजे से होगा। इससे पहले कल खेले गये एक मैच में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने एक रोमांचक मुकाबले में दिल्ली एसजी पाइपर्स को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित कर दिया।

********************

खो खो विश्वकप में भारत ने पुरुष और महिला वर्ग में जीत के साथ शानदार शुरुआत की है। दिल्ली में प्रियंका इंगले के नेतृत्व में महिला टीम ने अपने पहले मैच में दक्षिण कोरिया को बड़े अंतर से हराया। इस शानदार जीत की बदौलत महिला टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। उधर, प्रतीक वाइकर की कप्तानी में पुरुष टीम ने ब्राजील पर 64–34 अंक से जीत हासिल की।

********समाप्त************